मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-272
02/09/2024

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 दारोगा प्रसाद राय की जयंती पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया

पटना, 02 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की जयंती के अवसर पर नया सचिवालय परिसर के समक्ष स्थित स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री एवं स्व0 दारोगा प्रसाद राय के सुपुत्र श्री चन्द्रिका राय एवं उनके परिजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन तथा बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत का गायन भी किया गया।

*******